फर्द अहकाम

गेंदराम बनाम कालूराम वगैरह

नाम न्यायालय SDO शाहपुरा

केस संख्या 42/2019

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	20.1.20	वकील प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थी के प्रपत्र 12 व 19 के 2 की विपक्षी की रोज वकील प्रार्थी ने पेश की। प्रार्थी के 8 से 12 व 19 के 2 की मौके की उपस्थिति नहीं है। वास्ते एक मा. पत्र भाईदा दिनांक 12/2/20 को पेश हो। उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान	
	12/2/20	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण में वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने विवादित आराजी ने सिद्ध-च में पत्थरगारी के आदेश पारित करने हेतु निवेदन किया। अपने प्रार्थना का समर्थन किया। प्रार्थीगण ने विवादित आराजी ख.नं. 832 रकबा 0.36 है० 158 रकबा 1.16 है. वाके ग्राम फतेहनगर तहसील शाहपुरा में स्थित है की पत्थरगारी करने हेतु आवेदन किया है। प्रार्थीगण के नाम खातेदारी में उक्त आराजी दर्ज रिकार्ड है तथा दिनांक 7.6.17 को सीमाज्ञान हो चुका है, प्रार्थीगण पड़ोसी खातेदारान द्वारा सीमा को दबाने से यह पत्थरगारी कराने हेतु आवेदन पेश किया है। अतः प्रार्थीगण की प्रार्थना को स्वीकार किया जाता है तथा आराजी ख.नं. 832 रकबा 0.36 है० ख.नं. 158 रकबा 1.16 है० वाके ग्राम फतेहनगर तहसील शाहपुरा की मुताबिक सीमाज्ञान रिपोर्ट 7.6.17 के अनुसार नियमानुसार मुकिमोर्रे पर खाली होने पर पत्थरगारी करावे। तहसीलदार शाहपुरा को आदेश जारी हो। पत्रावली पेश कर जमा रजिस्टर दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान	